भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
प्रेस विज्ञप्ति

नागर विमानन प्रशिक्षण महाविद्यालय (सी ए टी सी), इलाहाबाद में स्मार्ट इंडिया हैकाथान 2017 का आयोजन ।

नई दिल्ली, 5 अप्रैल, 2017 :

'स्मार्ट इंडिया हैकाथन 2017 का ग्रैंड फिनाले 02 अप्रैल, 2017 को नागर विमानन प्रशिक्षण महाविद्यालय (सी ए टी सी) बमरौली, इलाहाबाद में संपन्न हुआ । सी ए टी सी, जो कि 'स्मार्ट हैकाथन 2017 के 26 स्थानों में से एक है, में पूरे भारत से 58 टीमों ने 36 घंटे के कार्यक्रम में भाग लिया । इन टीमों में वे छात्र शामिल थे जो गवर्नेंस में सुधार लाने के लिए समाधान तैयार कर रहे थे तथा भारत की भयावह समस्याओं के लिए नवोन्मेषी समाधान बता रहे थे ।

दिनांक 1 एवं 2 अप्रैल, को आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम, जिसका उद्दश्यों छात्रों की सृजनात्मकता एवं विशेषज्ञता का उपयोग करना था, की शुरूआत बहुत प्रेरणादायी रही क्योंकि श्री प्रकाश जावड़ेकर माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री ने एक वीडियो भाषण के माध्यम से हैकाथन 2017 के शुरूआत की घोषणा की । भाग लेने वाली टीमों ने अपने परामर्शदाताओं (मेंटर), प्रत्येक टीम के लिए दो मेंटर, के दिशा-निर्देशन में कार्य किया । टीमों ने उनके समस्या प्रस्तुत की गई समस्याओं के लिए उपयोगी समाधान सुझाए । टीमों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरएण तथा आल इंडिया काउंसिल फॉर हायर एजुकेशन (ए आई सी टी ई) सहित विभिन्न सरकारी विभागों से 12 मूल्यांकनकर्ता उपस्थित थे ।

हैकाथन को दिन में एक बार फिर उस समय और गति मिली जब श्री नरेन्द्र मोदी, भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिभागियों को संबोधित किया एवं उनसे बातचीत की । उन्होंने प्रौद्योगिकी, अनुसंधान एवं नई खोजों की महत्ता को बताया तथा यह भी जानकारी दी कि इस शताब्दी में इन्हें अपनाया जाना क्यों जरूरी है ।

आयोजन के दूसरे दिन, तीन चरणों का मूल्यांकन करने के बाद जामिया मिलिया इस्लामिया दिल्ली की नव प्रवर्तक टीम को 'स्मार्ट इंडिया हैकाथन -2017' का विजेता घोषित किया गया । बी वी सी सी ई, दिल्ली की टीम कोडर्स को पहला रनर्स अप घोषित किया गया । दिल्ली कॉलेज की हॉरीजन टीम द्वितीय रनर्स अप रही तथा प्रोत्साहन पुरस्कार भारतीय विद्यापीठ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, दिल्ली की टीम क्राफ्टी को प्राप्त हुआ । पुरस्कार वितरण के दौरान श्री अनिल श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव, नागर विमानन मंत्रालय, श्रीसुयश नारायण, निदेशक, नागर विमानन मंत्रालय, श्री आई. एन. मूर्ति, सदस्य (प्रचालन), भा वि प्रा, श्री वी. सतीश, कार्यपालक निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी), भा वि प्रा, श्री केशव शर्मा, प्रधानाचार्य, सी ए टी सी तथा प्रो. राजीव कुमार सलाहकार, ए आई सी टी ई उपस्थित थे ।

स्मार्ट इंडिया हैकाथन 2017 एक अनोखी पहल है जिसका उद्देश्य युवाओं, विशेषकर इंजीनियरिंग के छात्रों के दिमाग में नए विचारों एवं आउट ऑफ द बॉक्स सोच को विकसित करना है । इस कार्यक्रम की शुरूआत मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तत्वावधान में परसिस्टेंट सिस्टम्स, नासकाम तथा रामभाउ म्हालगी पबोदिन (आर एम पी) के सहयोग से आल इंडिया काउंसिल फॉर हायर एजुकेशन (ए आई सी टी ई) द्वारा की गई है । नागर विमानन मंत्रालय इस कार्यक्रम का एक प्रमुख साझेदार था । प्रधानमंत्री मोदी के डिजिटल इंडिया पहल के एक अंश के रूप में स्मार्ट इंडिया हैकाथन का मुख्य जोर सामाजिक महत्व की उन समस्याओं पर रहा, जिसकी पहचान सरकार के 29 मंत्रालयों एवं विभागों ने की है । उन्होंने 598 समस्यओं की पहचान की है, जिस पर लगभग 42,000 छात्रों की 7531 टीमों ने प्रतिक्रिया दी । उनमें से 10,000 प्रतिभागियों वाली 1266 टीमों को फाइनल के लिए चुना गया था ।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें
म.प्र. (जनसंपर्क) 011-24622787,9811521881,
सं. 02/2017-18

स्मार्ट इंडिया हैकाथन 2017 के विजेता । जामिया मिलिया इस्लामिया, दिल्ली की 'नवप्रवर्तक' टीम प्रथम पुरस्कार के रूप में 1,00,000/- रू . का चेक प्राप्त करते हुए ।